# निवेशकों के स्वागत के लिए बेहतर व्यवस्थाएं करेंगेः शर्मा



**भोपाल (हिनप्र)। आगामी 24 व 25 फरवरी को भोपाल में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है। समिट में देश-विदेश के बड़े उद्योगपति शामिल होंगे,समिट को लेकर मंगलवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह एवं निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण के साथ राजभोज एयरपोर्ट के आसपास एवं लालघाटी क्षेत्र का निरीक्षण किया।**

इस दौरान नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ लोक निर्माण विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान विधायक ने ग्रेड सेपरेटर पर डिवाइडर निर्माण के साथ ही ग्रेड सेपरेटर की सर्विस रोड को अधिकतम चौड़ा करने की बात कही। एयरपोर्ट के पास गांधीनगर के सर्विस रोड को भी अधिकतम चौड़ा करते हुए सौंदर्यीकरण के भी निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि - ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट भोपाल के लिए बहुत बड़ा अवसर है जब हम प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी की उपस्थिति में बड़े उद्योगपतियों के साथ मध्यप्रदेश के उद्योग जगत का खाका तैयार होगा । इस समिट से भोपाल की औद्योगिक प्रगति का मार्ग और सुगम होगा। इसलिए हर आगंतुक का हम पूरे उत्साह और तैयारी के साथ स्वागत करेंगे। एयरपोर्ट से लेकर लालघाटी तक के मार्ग पर आवश्यक सुधार कर सौंदर्यीकरण के कार्य करेंगे। ताकि हर निवेशक के दिल में स्वच्छ और सुंदर भोपाल के साथ सुमग भोपाल की छाप बने।

### वक्फ संपत्तियों के भौतिक सत्यापन होना चाहिए

वक्फ जमीन के भौतिक सत्यापन का काम तो होना ही चाहिए था। क्योंकि वह प्रॉपर्टी भी वक्फ की बता दी जाती है जिसपर वक्फ कि कोई अधिकार नहीं। विभाजन के बाद जो लोग पाकिस्तान चले गए, जमीन छोड़ गए, उसे देने वाला मौके पर मौजूद नहीं था लेकिन आपने उसे भी वक्प का बता दिया और हथिया लिया। पहले जहां नवाबी रियासतें रही है, वहां हिंदुओं के श्मशान घाट को भी कब्रिस्तान लिख दिया गया। क्योंकि उस समय उर्दू भाषा चलती थी नायब तहसीलदार बगैरह उर्दू भाषा के जानकार होते थे इसलिए उन्होंने बहुत सारी जमीन है लिख दी, लेकिन आज उसका भौतिक सत्यापन जरूरी है। भोपाल के बैरागढ़ में 100 एकड़ की प्रॉपर्टी को उन्होंने वक्फ की प्रॉपर्टी बताना शुरू कर दिया। इसलिए वक्फ की प्रॉपर्टी का सत्यापन होना जरूरी है। साथ ही जिन अधिकारियों - कर्मचारियों ने फर्जी तरह से ये काम किए हैं उन सब के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज होना चाहिए।



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ बयान के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ प्रदर्शन कर उनका पुतला फूंका।

## प्रत्येक समाजजन की प्रगति से ही समाज विकासः ढालिया

भोपाल (काप्र)। जनवरी जीनगर समाज के प्रबुद्ध जनों की बैठक में सेवानिवृत प्रशासकीय अधिकारी स्वरूप सिंह पवार और जीनगर सभा के पूर्व महामंत्री ओम प्रकाश बोराना ने वर्तमान समय में समाज की प्राथमिकता विषय पर अपने उद्बोधन देते हुए समाज के सेवा निवृति समाज जनों से देश और सामाज हित में अनुभव साझा करने का आव्हान किया जीनगर ज्योति राष्ट्रीय मंच के संयोजक भगवानदास ढालिया ने स्वयं के विकास से समाज के विकास की परिकल्पना को अनुभव कथन में बताया इस अवसर पर अतिथियों का अजय पवार, पृथ्वीराज चौहान, राम सिसोदिया, के.एम. खींची,अशोक सांकले, रमेश निर्वाण, घनश्याम पंवार,प्रेम पवार, हरिओम आसेरी,गजेंद्र पंवार,संतोष निर्वाण,मुरली डाबी,सोनू पंवार, निखिल सोनगरा और गण मान्य जन उपस्थित थे।

## सबधाणी ने बजट से आम आदमी की अपेक्षाएं रखीं



**भोपाल (हिनप्र)।** एक फरवरी 2025 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश करेंगी। बजट को लेकर अपेक्षाएं सामने आने लगी हैं। एससीआई के डायरेक्ट आनंद सबधाणी ने आम आदमी की अपेक्षाओं को लेकर अपनी उम्मीद रखी है। सबधानी ने एक बयान में कहा है कि बड़े-बड़े बिजनेसमैन की लाखों-करोड़ों की क़र्ज़ माफ़ी योजना बंद होनी चाहिए। पेट्रोल एवं डीजल को भी जी.एस.टी के दायरे में लाना चाहिए, ऐसा करने से सभी लोगों को सीधा लाभ होगा। मध्य वर्ग को राहत देने के लिए टैक्स फ्री इनकम टैक्स के स्लैब को दस लाख तक कर देना चाहिए। गृहिणियों का ख्याल रखते हुए रोजाना उपयोग में आने वाले घरेलू वस्तुओं एवं खाद्य पदार्थों पर लगने वाला जी.एस.टी खत्म किया जाना चाहिए। घरेलू बिजली के बिल एवं डोमेस्टिक गैस सिलेंडर में सब्सिडी दी जानी चाहिए। सबधाणी ने कहा कि देश के अन्नदाता किसानों के कर्ज को माफ़ ना करते हुए, खेती को लाभ का धंधा कैसे बनाया जाए, इस ओर कार्य करना चाहिए।

## सुश्री मंगला चौरे को कृष्ण राव पगारे स्मृति सम्मान

**भोपाल( काप्र )। शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था मिलन नार्मदीय ब्राह्मण सामाजिक संस्था द्वारा संगीत कला और संस्कृति के क्षेत्र में दिया जाने वाला प्रतिष्ठित कृष्णराव पगारे स्मृति सम्मान सुश्री मंगला चौरे को प्रदान किया गया। उन्हें पुरस्कार स्वरूप रुपए दस हजार की राशि और सम्मान पत्र भी प्रदान किया गया।**



भोपाल के साकेत सामुदायिक भवन में आयोजित संस्था के प्रतिभा सम्मान और वार्षिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिनेश बिल्लोरे द्वारा उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक मुजमेर ने की। कार्यक्रम में डॉक्टर जनार्दनजी नेगी स्मृति पुरस्कार सुश्री गार्गी अत्रे को, स्वर्गीय मंगलेश मुजमेर स्मृति पुरस्कार पराग गीते को और कुमारी अर्चिता गांवशिंदे को स्वर्गीय शारदा मुजमेर स्मृति सम्मान से नवाजा गया। इन तीनों पुरस्कारों में सम्मान स्वरूप रू दस हजार की राशि और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त संस्था के संस्थापक संरक्षक स्वर्गीय एल एन साकल्ले को मरणोपरांत लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया जिसे उनकी धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला साकल्ले ने ग्रहण किया। इसके अतिरिक्त कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के लगभग 50 प्रतिभावान छात्र छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। और कॉलेज स्तर के लगभग 10 छात्र छात्राओं को पुरस्कारों से नवाजा गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। और उसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में 80 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले चार सदस्यों का शाल श्रीफल से वरिष्ठ नागरिक सम्मान किया गया।

## माता मंदिर समिति ने आभार व्यक्त किया

**भोपाल (हिनप्र)।** नुक्कड़ वाली माता मंदिर समिति ने हनुमानजी की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में में सहयोग देने वालों का आभार व्यक्त किया है। मंदिर के पुजारी पंडित रवि पटेरिया, कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव विष्णु विश्वकर्मा, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेता विशाल पुरोहित, पूज्य सिंधी पंचायत, बजरंग सेना समिति ने आभार व्यक्त किया। पंडित पटेरिया ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को हनुमान महाराजजी को चोला एवं सिन्दूर चढ़ाया जाता है।



## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### भारत वैश्विक आर्थिक...

रही हैं। मध्यप्रदेश फूड बॉस्केट कहलाता है, इससे कई सेक्टर जुड़े हैं, जिनसे संबंधित व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए सभी ओर से प्रोत्साहन मिल रहा है। अपर प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा ने प्रदेश में आईटी, नवकरणीय ऊर्जा, पर्यटन, खनिज के क्षेत्र में उपलब्ध निवेश संभावनाओं की जानकारी दी। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह ने सत्र में मध्यप्रदेश में निवेश अनुकूल नीतियों एवं औद्योगिक क्षेत्रों के लिये उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया। प्रारंभ में जापान के एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन की कार्यकारी उपाध्यक्ष सुश्री मयुमी मुरायामा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जापान में भारत के राजदूत श्री सिबी जॉर्ज, मिशन के उप प्रमुख श्री आर मधु सूदन, आर्थिक और वाणिज्यिक मंत्री सुश्री देबजानी चक्रवर्ती, काउंसलर वाणिज्य श्री करूण बंसल एवं श्री आनंद नांगुर उपस्थित थे। जापान में सीआईआई के प्रतिनिधि श्री विष्णु जाजू ने आभार माना।

### 31 जनवरी से शुरू...

इसके लिए फिलहाल दो दिन (3-4 फरवरी) आवंटित किए हैं, जबकि राज्यसभा ने बहस के लिए तीन दिन निर्धारित किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह फरवरी को राज्यसभा में बहस का जवाब दे सकते हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बजट सत्र के सुचारू संचालन के मद्देनजर चर्चा के लिए 30 जनवरी को संसद में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बजट सत्र के पहले चरण में 31 जनवरी से 13 फरवरी तक नौ बैठकें प्रस्तावित हैं। इसके बाद दोनों सदन 13 फरवरी को अवकाश के लिए स्थगित हो सकते हैं और विभिन्न मंत्रालयों व विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा के लिए 10 मार्च को फिर से मिलेंगे। सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च को शुरू होगा और इसके 4 अप्रैल तक जारी रहने की संभावना है। बजट सत्र में कुल 27 बैठकें प्रस्तावित है।

### केजरीवाल को चुनाव...

है। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हम दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा दिए गए बेहद अनुचित, गैर-जिम्मेदाराना और एमसीसी के उल्लंघन वाले बयान पर विरोध करने और चुनाव आयोग को अपनी याचिका सौंपने आए थे। यह बहुत ही खतरनाक बयान है। यह बयान उनके अलावा सभी के लिए खतरनाक था, जो स्वयंभू अराजकतावादी हैं। दरअसल उन्होंने जो बयान दिया है उससे दिल्ली में लोगों के मन में डर बैठ गया है। इस देश में जिस तरह से चुनाव कराए जाते हैं, उस पर इसके बहुत गंभीर प्रभाव हैं। सीतारमण ने सवाल किया कि क्या यह हमारे लोकतंत्र के लिए अच्छा है? हमने इन मुद्दों को चुनाव आयोग के समक्ष उठाया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि एक मुख्यमंत्री या पूर्व मुख्यमंत्री दूसरे मुख्यमंत्री पर ऐसे कृत्य का आरोप कैसे लगा सकता है जो कहीं न कहीं नरसंहार से संबंधित है? यह हरियाणा के उन सभी लोगों का अपमान है जिन्होंने उन्हें चुना है। हमने चुनाव आयोग से कार्रवाई करने का अनुरोध किया है जिससे अरविंद केजरीवाल को दिल्ली में चुनाव प्रचार करने से रोका जा सके।

### खड़गे ने गरीबों का...

जिम्मेदारी लेंगे। शाह ने कहा कि अन्ना हजारे के आंदोलन के दौरान इन्होंने (केजरीवाल) कहा था कि हम राजनीतिक लोग नहीं हैं, हम राजनीतिक पार्टी नहीं बनाएंगे, लेकिन इन्होंने पार्टी बनाई। इन्होंने कहा था कि हम कांग्रेस पार्टी का समर्थन नहीं लेंगे, कांग्रेस का समर्थन लिया। इन्होंने कहा था कि हम सिक्योरिटी, गाड़ी और बंगला नहीं लेंगे, इन्होंने सिक्योरिटी ली, गाड़ी ली और करोड़ों का शीश महल बनवाया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल जी ने कहा था कि हम भ्रष्टाचार नहीं करेंगे, इन्होंने हजारों करोड़ रुपये का शराब घोटाला किया। मंदिर, गुरुद्वारा, स्कूल, सबके सामने शराब की दुकानें खोलीं, जेल गए।जलबोर्ड घोटाला, राशन घोटाला, डीटीसी बस घोटाला, क्लासरूम घोटाला किया और खुद के लिए करोड़ों का शीश महल बनवाया। शाह ने खड़गे पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जारी रखते हुए कहा कि अभी कल मैंने महाकुंभ में गंगा की डुबकी लगाई, लेकिन डुबकी मैंने लगाई और ठंड खड़गे जी को लग गई। वो कह रहे हैं कि गंगा में डुबकी लगाने से गरीबों का भला नहीं होगा। खड़गे साहब, आपने पूरा जीवन डुबकी नहीं लगाई, लेकिन आपने गरीबों का क्या भला किया। अमित शाह ने कहा कि भाजपा पार्टी इस देश की परंपरा और आस्था में विश्वास करती है, इसलिए भव्य करतारपुर साहिब कॉरिडोर भी बनता है और महाकुंभ का मेला भी लगता है। 2019 में मोदी जी ने गंगा में डुबकी लगाई और देश के करोड़ों गरीबों को गैस कनेक्शन, शौचालय, बिजली, मुफ्त अनाज, मुफ्त इलाज समेत सारी सुविधाएं दीं। लेकिन कांग्रेस पार्टी हमेशा सनातन धर्म का अपमान करती है। खड़गे साहब, आपको सनातन धर्म में श्रद्धा नहीं है तो कोई बात नहीं, लेकिन करोड़ों सनातनियों का मजाक मत उड़ाइए।

### केजरीवाल शीश महल...

हिंसा फैलाते है। दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी और हमारी विचारधारा है। हम लोग %नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान-% खोलते हैं। हमें नफरत, डर और हिंसा वाला हिंदुस्तान नहीं चाहिए। हमें मोहब्बत की दुकान चाहिए। राहुल ने मीडिया पर तंज कसते हुए कहा कि वे महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण, टूटी सड़कों के बारे में नहीं दिखाते। वे नरेंद्र मोदी का चेहरा और अंबानी जी की शादी दिखाते हैं। इससे पहले राहुल गांधी ने नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार संदीप दीक्षित के समर्थन में मंगलवार को प्रचार किया और कई स्थानीय मतदाताओं से संवाद किया।

## निशातपुरा रेलवे स्टेशन का होगा कायाकल्प, बढ़ेंगी यात्री सुविधाएंः आलोक



**भोपाल (काप्र)।** सांसद आलोक शर्मा ने मंगलवार सुबह निशातपुरा रेलवे स्टेशन पर करोड़ों रुपए की विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर नवनिर्मित प्लेटफार्म, पैदल पार पुल, यात्री सुविधा के लिए लगाई गई लिफ्ट, रैंप, यात्री प्रतीक्षालय सहित अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया। जब सांसद शर्मा निशातपुरा स्टेशन पर पहुंचे तो उन्हें दो जगह पूंछना पड़ा कि स्टेशन कहां हैं। उन्होंने रेलवे अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्टेशन पर सेंट्रल वेयरहाउस की गोदाम को हटाकर एंट्री गेट सुगम बनाएं। जिससे यात्रियों के लिए आवागमन की सुविधा सुलभ हो सके। सांसद शर्मा ने मालवा एक्सप्रेस और सोमनाथ वेरावल एक्सप्रेस को निशातपुरा स्टेशन से संचालित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इससे भोपाल स्टेशन और रानी कमलापति स्टेशन पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। सांसद शर्मा ने निरीक्षण के दौरान पार्किंग की व्यवस्था और सौंदर्यीकरण करने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हम शीघ्र ही रेल मंत्री श्री अश्विनि वैष्णव जी से मुलाकात कर निशातपुरा स्टेशन के आरंभ की तिथि समय उनसे मांगेंगे।

## राष्ट्रीय चेतना जगाने में कवियों, साहित्यकारों का योगदान अविस्मरणीयः सबनानी

**भोपाल (हिनप्र)।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सिन्ध में ब्रिटिश सरकार के खिलाफ आमजन में राष्ट्रीय चेतना का संचार कर स्वाधीनता की ज्योति जगाने वाले कवियों और साहित्यकारों के योगदान को हमें सदैव स्मरण रखना चाहिए, वर्तमान में भी ये अपनी लेखनी से समाज व राष्ट्र के प्रति अपना दायित्व निभा रहे हैं,यह बात विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने सिन्धी साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित सिन्धी कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में कही। मध्यप्रदेश सिन्धु भवन ट्रस्ट के सहयोग से सिन्धु भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेंद्र मनवानी के स्वागत भाषण के बाद प्रख्यात सिन्धी गायक नरेश गिदवानी ने सिन्धी में देशभक्तिपूर्ण गीत भी प्रस्तुत किये।माँ भारती तथा



वरुणावतार श्री झूलेलाल जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात नरेश गिदवानी ने जागु सिन्धी, पाण सुञाणु सिन्धी गाकर उपस्थित श्रोताओं को अपने सिन्धी होने पर गर्व करने का एहसास जगाया तो इसके बाद उन्होंने अपनी मधुर आवाज़ में अमर बलिदानी हेमू कालाणी के बलिदान की गाथा सांगीतिक रूप से प्रस्तुत की। इसके बाद कवि अशोक जमनानी के संचालन में सिन्धी काव्य सम्मेलन की शुरुआत हुई,सबसे पहले भगवान बाबाणी ने सैनिकों के सम्मान में अपनी रचना प्रस्तुत करते हुए कहा हथ में हथियार को खणी बि त डिसु,जंग सरहद ते लड़ी बि त डिसु,अमर थी वेंदें तूं सदा जे लाइ, हिकु दफ़ो मुल्क लाइ मरी बि त डिसु । हर्षा मूलचंदानी ने निरन्तर विकास की ओर बढ़ रहे भारत में उन्नत तकनीक के योगदान की बात अपनी कविता के माध्यम से कही तो कनयो शेवाणी ने अपनी कविता अमर बलिदानी हेमू कालाणी को समर्पित करते हुए कहा परवाननि सां साणु सुहां हां, हेमूअ वांगुरु मां बि हुजां हां, इसके बाद नारी लच्छवानी ने सभी देशभक्तों के सम्मान में अपनी रचना प्रस्तुत की।

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक एम.आई.जी.-81 मण्डल द्वारा श्रीमती कमलेश देवी सिंहल पत्नी श्री चन्द्र गोपाल सिंहल के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन पंजीयक कार्यालय से दिनांक 16/12/2020 को व लीज नवीनीकरण दिनांक 26102 12020 को पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति की लीज अवधि दिनांक 31/03/2045 तक वैध है। श्रीमती कमलेश देवी सिंहल पत्नी श्री चन्द्र गोपाल सिंहल द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती पूर्णिमा मिनोचा पत्नी श्री पुष्पराज मिनोचा को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय दिया है। जिसका विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 15 / 10 / 2024 को निष्पादित करा दिया है। क्रेता/ विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, परिचय पत्र विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति श्रीमती पूर्णिमा मिनोचा पत्नी श्री पुष्पराज मिनोचा के नाम उक्त सम्पत्ति हस्तांतरण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

3365

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, माचना कॉलोनी, शिवाजी नगर, भोपाल में स्थित फ्लेट क्रमांक एल.आई.जी./ए-18 द्वितीय तल मण्डल द्वारा श्री अर्जुन दास लालचन्दानी आत्मज स्व. श्री दुलाराम लालचन्दानी के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 07/03/2006 को पंजीकृत है। श्री अर्जुन दास लालचन्दानी आत्मज स्व. श्री दुलाराम लालचन्दानी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती कमला चडोकर पत्नी श्री वासुदेव चडोकर को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 04/06/2021 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/ विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती कमला चडोकर पत्नी श्री वासुदेव चडोकर के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उत सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है । यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ संस्था/ वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

3366

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, लक्ष्मी बाई परिसर, कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल (म.प्र.) में स्थित फ्लेट क्रमांक बी-5 भू तल मण्डल द्वारा सुश्री अंजली खन्ना पुत्री श्री हरी किशन मलिक के नाम पर आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का आवंटन दिनांक 22/12/1992 को किया गया है। सुश्री अंजली खन्ना पुत्री श्री हरी किशन मलिक द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री हेमन्त खन्ना पत्नी श्री मनोहर लाल खन्ना के पक्ष में हस्तांतरण करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। हस्तांतरणकर्ता/ हस्तांतरणग्रहिता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री हेमन्त खन्ना पत्नी श्री मनोहर लाल खन्ना के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

3367

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक एम.आई.जी.-80 मण्डल द्वारा श्रीमती कमलेश देवी सिंहल पत्नी श्री चन्द्र गोपाल सिंहल के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन पंजीयक कार्यालय से दिनांक 03/02/2016 को व लीज नवीनीकरण दिनांक 03/02/2016 को पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति की लीज अवधि दिनांक 15/05/2045 तक वैध है। श्रीमती कमलेश देवी सिंहल पत्नी श्री चन्द्र गोपाल सिंहल द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती पूर्णिमा मिनोचा पत्नी श्री पुष्पराज मिनोचा को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय दिया है। जिसका विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 15/10/2024 को निष्पादित करा दिया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, परिचय पत्र विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति श्रीमती पूर्णिमा मिनोचा पत्नी श्री पुष्पराज मिनोचा के नाम उक्त सम्पत्ति हस्तांतरण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी /संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

3368

**कार्यालयः अमरनाथ रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित, जिला-भोपाल**

(पंजीयन क्रमांक/डी.आर.बी./1379 दिनांकः16.01.2019)

क्रमांक/निर्वा./2025/02

दिनांक 28.01.2025

**निर्वाचन आमसभा की सूचना**

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मंडल के निर्वाचन बाबत निर्वाचन आमसभा दिनांक 11/02/2025 दिन मंगलवार को प्रातः11.30 बजे से स्थान अमरनाथ मंदिर परिसर, अमरनाथ कालोनी, कोलार रोड, भोपाल पर आयोजित की गई है। रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अलका तिग्गा द्वारा दिनांक 04/02/2025 को दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक नामांकन पत्र लिये जायेंगे दिनांक 05/02/2025 को दोपहर 12 से नियोजन पत्रों की जांच की जावेगी, दिनांक 06/02/2025 को दोपहर 12 से 02 बजे तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। उपरोक्त समस्त कार्यक्रम स्थान कार्यालय उपायुक्त, सहकारिता, डी-ब्लाक, पुराना सचिवालय, जिला-भोपाल पर सम्पन्न होंगे, तत्पश्चात सूची का अंतिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जावेगा। आमसभा की सूचना के साथ निर्वाचन अधिकारी द्वारा घोषित कार्यक्रम की सूचना सदस्यों को पृथक से स्पीड पोस्ट द्वारा प्रेषित की जा चुकी है।

**प्रकाश श्रीवास्तव, अध्यक्ष**
**अमरनाथ रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**

3369